समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# गोरखपुर मे सामूहिक योगाभ्यास मे शामिल हुए सीएम योगी, कहा- स्वस्थ शरीर ही मोक्ष का माध्यम।

Publisher Published on 21 Jun 2025



## गोरखपुर मे सामूहिक योगाभ्यास मे शामिल हुए सीएम योगी, कहा- स्वस्थ शरीर ही मोक्ष का माध्यम।

**गोरखपुर : 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** के अवसर पर **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में योग साधकों और प्रशिक्षुओं के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि "**योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है**", और यही योग मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ – **धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष** की प्राप्ति का सशक्त माध्यम है।

**सीएम योगी ने योग को बताया विश्व कल्याण का मार्ग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने योग को **लोक कल्याण** का माध्यम बनाकर दुनिया को एक नई दिशा दी है। आज जब 190 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं, तो यह भारत की **प्राचीन ऋषि परंपरा** और सांस्कृतिक विरासत का वैश्विक सम्मान है।

उन्होंने कहा: "**शरीर ही धर्म पालन का साधन है। योग स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क दोनों प्रदान करता है**।"

**योग : अध्यात्म से विज्ञान तक का सेतु**

सीएम योगी ने अपने संबोधन में योग के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय मनीषा ने योग के माध्यम से चेतना, व्यक्तित्व विकास और ब्रह्मांड के रहस्यों को समझाने का मार्ग दिया है।

उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक **जीवन पद्धति** है जो मन, मस्तिष्क और आत्मा के संतुलन से राष्ट्र निर्माण का

आधार बन सकती है।

**पीएम मोदी के प्रयास से विश्व मे फैला योग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग को वैश्विक मान्यता दिलाने का श्रेय **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी** को जाता है। जब दुनिया के कुछ हिस्सों में योग के आसनों को पेटेंट कराने की कोशिश हो रही थी, तब पीएम मोदी ने **संयुक्त राष्ट्र मे प्रंस्ताव** रखकर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्थापित कराया।

स्वस्थ शरीर से दूर रहती हैं बीमारियां

मुख्यमंत्री ने शास्त्रों का हवाला देते हुए कहा कि योग से तपे हुए शरीर को **रोग, जरा और मृत्यु** तक छू नहीं सकते। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि योग भारत को **स्वास्थ्य, सेवा** और **संस्कृति** की त्रिधारा में आगे बढ़ने का रास्ता देगा।

**सामूहिक योगाभ्यास मे कंई गणमान्य लोग शामिल**

गोरखनाथ मंदिर के **महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार** में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ जल शक्ति मंत्री **स्वतंत्रदेव सिंह, सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायकगण** और अनेक **प्रशासनिक अधिकारी, प्रशिक्षु, साधक और नागरिक** उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी** का लाइव संबोधन भी देखा और फिर सभी के साथ योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.